Roll No. (अनुक्रमांक संख्या) ..... Code (कूट संख्या) 822-23 SST - M

Please check that this question paper contains 35 questions and 20 pages
कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न–पत्र में कुल 35 प्रश्न हैं तथा 20 पृष्ठ हैं।

ANNUAL EXAM. (वार्षिक परीक्षा) FEB. - MAR 2023 (फरवरी–मार्च 2023)

CLASS (कक्षा) - VIII (आठवीं)

SOCIAL SCIENCE (समाजिक विज्ञान)

Time allowed: 3Hrs. Maximum Marks : 80

निर्धारित समय : 3 घंटे अधिकतम अंक : 80

General Instructions : Read the following instructions carefully and strictly follow them.

1. Question Paper comprises of five Sections - A,B,C, D and E. There are 35 questions and all are compulsory.
2. Section-A Question No. 1-20 are very short answer-type questions, carrying 1 mark each.
3. Section-B Question No. 21 to 27 are short answer-type questions, carrying 3 mark each. Answer to each question should not exceed 80 words.
4. Section-C Question No. 28 and 29 are source-based questions, carrying 4 marks each.
5. Section-D Question No. 30 to 34 are long answer type questions, carrying 5 marks each.
6. Section-E Question No. 35 map based carrying 6 marks with two parts 35 (A) from Geography (4marks) and 35 (B) from History (2marks)
7. Answer should be brief and to the point. The word limit will be adhered to as far as possible. in a few questions. Only one choice in such questions is to be answered.
8. There is no overall choice in the question paper. However, internal choice has been provided in a few questions. Only one choice in such questions is to be answered.
9. Attach Map along with your answer book.
10. In addition to this separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.

समान्य निर्देश : निम्नलिखित निर्देश को ध्यान से पढ़ें और उनका अनुपालन करें:

1. प्रश्न पत्र में पाँच खंड– क, ख, ग, घ और ङ हैं। इसमें कुल 35 प्रश्न हैं और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. खंड – क – प्रश्न संख्या 1 से 20 अति लघूतरात्मक प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक को 1 अंक दिया गया है।
3. खंड – ख – प्रश्न संख्या 21 से 27 लघूतरात्मक प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक को 3 अंक दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
4. खंड – ग – प्रश्न संख्या 28 और 29 स्रोत–आधारित प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक को 4 अंक दिए गए हैं।
5. खंड – घ – प्रश्न संख्या 30 से 34 दीर्घ उतरात्मक प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक मे 5 अंक दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6. खंड – ङ – प्रश्न संख्या 35 मानचित्र पर आधारित हैं, इसमें पहला भाग 35 (A) भूगोल से 4 अंक का तथा दूसरा भाग 35 (B) इतिहास से 2 अंक का हैं।
7. उत्तर संक्षिप्त होने चाहिए और उपर्युक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन किया जाना चाहिए।
8. प्रश्न – पत्र में सभी प्रश्न अनिवार्य हैं परन्तु कुछ प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प अवश्य दिए गए हैं।
9. मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न करें।
10. इसके अतिरिक्त प्रत्येक खंड के साथ आवश्यकता अनुसार अलग निर्देश भी दिए गए हैं।

Section - A (खंड क)

Q1. Explain the meaning of 'conservation of resources.' (1)

'संसाधनों के संरक्षण' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

Q2. Identify the **Incorrect** statement regarding the non-renewable resources from the following options: (1)

(a) Metallic ores are recyclable

(b) Takes millions of years to renew

(c) Available in very large quantity

(d) Are called exhaustible resources

निम्नलिखित विकल्पों में से गैर–नवीकरणीय संसाधनों के संबंध में **गलत कथन** की पहचान करें:

(क) धात्विक अयस्क पुनर्चक्रण योग्य होते हैं।

(ख) नवीनीकरण के लिए लाखों वर्ष लगते हैं।

(ग) बहुत बड़ी मात्रा में उपलब्ध हैं।

(घ) यह अनवीकरणीय संसाधन कहलाते हैं।

Q3. Correct and rewrite the given statement.

Resources are essential for development and their mere presence guarantees development.

दिए गए कथन को ठीक करके पुनः लिखिए।

संसाधन विकास के लिए आवश्यक हैं तथा उनकी उपस्थिति मात्र ही विकास की गारंटी है। (1)

Q.4 Fill in the blank with the most appropriate option given below.

Population becomes human capital, when investment is made in .....

(a) Buildings and dams

(b) Health, Education, Skill development

(c) Factories, Institutions, transport

(d) Industries, agriculture, MNCs

रिक्त स्थान की पूर्ति नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प से कीजिए।
जब ..... में निवेश किया जाता है तो जनसंख्या मानव पूंजी बन जाती है।

(क) भवन और बांधों

(ख) स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास

(ग) कारखाने, संस्थाएँ, परिवहन

(घ) उद्योग, कृषि, बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ

(1)

Q.5 There are two statements marked in the question given below, as Assertion (A) and Reason (R) Read the statements and choose the correct option:

Assertion (A) : Population is always in a state of flux.

Reason (R) : The growth of population is affected by the birth rate, death rate and by the large-scale migration.

Option :

(a) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

(b) Both A and R are true, but R is not the correct explanation of A.

(c) A is true, but R is false.

(d) A is false, but R is true.

नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन (A): जनसंख्या सदैव प्रवाह की स्थिति में रहती है।

कारण (R): जनसंख्या वृद्धि बड़े पैमाने पर प्रवास, मृत्यु दर और जन्म दर से प्रभावित होती है।

विकल्प:

(क) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R) (A) की सही व्याख्या है।

(ख) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R) (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ग) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।

(घ) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

(1)

Q.6 Define Literacy Rate.

साक्षरता दर को परिभाषित कीजिए। (1)

Q.7 Identify the **odd** one out.

(a) The Bombay Times (b) Anandmath

(c) My Experiments with Truth (d) Unhappy Indians

निम्नविकल्पों में से **भिन्न विकल्प** पहचानें। (1)

(क) बॉम्बे टाइम्स (ख) आनंदमठ

(ग) सत्य के साथ मेरे प्रयोग (घ) दुखी भरतीय

Q8. Amrita Bazar Patrika was originally published in which of the following vernacular languages?

(a) Punjabi (b) Marathi

(c) Bengali (d) Sanskrit

अमृता बाजार पत्रिका मूल रूप से निम्नलिखित में से किस स्थानीय भाषा में प्रकाशित हुआ था? (1)

(क) पंजाबी (ख) मराठी

(ग) बंगाली (घ) संस्कृत

Q.9 Which were major events of the twentieth century?

(a) Partition of Bengal

(b) Establishment of INC

(c) First War of Independence

(d) Jallianwala Bagh Massacre

Choose the correct option:

(i) Only (a) & (b)

(ii) Only (b) & (c)

(iii) Only (b) & (d)

(iv) Only (a) & (d)

बीसवीं सदी की प्रमुख घटनाएँ कौन सी थीं?

(क) बंगाल का विभाजन

(ख) आईएनसी की स्थापना

(ग) स्वतंत्रता का पहला युद्ध

(घ) जलियांवाला बाग नरसंहार

सही विकल्प चुनें :

(i) केवल (क) और (ख)

(ii) केवल (ख) और (ग)

(iii) केवल (ख) और (घ)

(iv) केवल (क) और (घ) (1)

Q.10 Arrange the following events in the chronological order of their occurrence during the Revolt of 1857.

(a) Mutiny of soldiers in Meerut Cantonment

(b) Mangal Pandey refused to use the cartridge

(c) The sepoys captured the city of Delhi

(d) British military officers freed Delhi

Options:

(i) (a), (b), (d), (c) (ii) (b), (a), (c), (d)

(iii) (c), (b), (a), (d) (iv) (d), (c), (b), (a)

निम्नलिखित घटनाओं में से 1857 के विद्रोह के दौरान घटित होने वाली घटनाओं को सही काल क्रम अनुसार व्यवस्थित करें।

(क) मेरठ छावनी में सैनिकों का विद्रोह

(ख) मंगल पांडे ने कारतूस का उपयोग करने से इनकार कर दिया

(ग) सिपाहियों ने दिल्ली शहर पर कब्जा कर लिया

(घ) ब्रिटिश सैन्य अधिकारियों ने दिल्ली को मुक्त कराया

विकल्प :

(i) (क), (ख), (घ), (ग) (ii) (ख), (क), (ग), (घ)

(iii) (ग), (ख), (क), (घ) (iv) (घ), (ग), (ख), (क) (1)

Q.11 There are two statements marked in the question given below, as Assertion (A) and Reason (R) Read the statements and choose the correct option:

Assertion (A) : The British were practicing the policy of divide and rule to weaken the nationalist movement.

Reason (R) : Home Rule League was formed in 1907 by Aga Khan and Nawab Salimullah Khan.

Option :

(a) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

(b) Both A and R are true, but R is not the correct explanation of A.

(c) A is true, but R is false.

(d) A is false, but R is true.

नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन (A): राष्ट्रवादी आंदोलन को कमजोर करने के लिए अंग्रेज फूट डालो और राज करो की नीति अपना रहे थे।

करण (R): होम रूल लीग की स्थापना 1907 में आगा खान और नवाब सलीमुल्ला खान ने की थी।

विकल्प:

(क) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R) (A) की सही व्याख्या है।

(ख) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R) (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ग) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।

(घ) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है। (1)

Q12. What action did the British Government take under the martrial law in Punjab?

ब्रिटिश सरकार ने पंजाब में मार्शल लॉ के तहत क्या कर्रवाई की थी? (1)

Q13. Which one of the following options is **NOT** a basic feature of India's Foreign Policy?

(a) Regional Cooperation, Panchsheel

(b) Alignment, Colonialism, Imperialism

(c) Friendly Co-relations with Neighbours

(d) Promotion of World Peace, Panchsheel

निम्नलिखित में से कौन–सा विकल्प भारत की विदेश नीति की मूलभूत विशेषता **नहीं** है?

(क) क्षेत्रीय सहयोग, पंचशील

(ख) संरेखण, उपनिवेशवाद, साम्राज्यवाद

(ग) पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण सह–संबंध

(घ) विश्व शांति को बढ़ावा देना, पंचशील

(1)

Q14. Identify the most appropriate statement regarding the Preamble of the Indian Constitution from the following options:

(a) It is judicially enforceable

(b) It is the Soul of the Constitution

(c) It is a feature of the Constitution

(d) It has religious philosophy

निम्नलिखित विकल्पों में से भारतीय संविधान की प्रस्तावना के संबंध में सबसे सही कथन की पहचान करें।

(क) यह न्यायिक रूप से लागू करने योग्य है।

(ख) यह संविधान की आत्मा है।

(ग) यह संविधान की प्रमुख विशेषता है।

(घ) इसमें धार्मिक दर्शन है।

(1)

Q15. Choose the most appropriate options according to the given statement.

Secularism is important for India for the following reason(s):

(a) It safeguards democracy

(b) Enables us to live in harmony

(c) Limits the Power of minorities

(d) Protects the rights of the majority

Option :

(i) Only (a)

(ii) Only (b)

(iii) Only (a) & (b)

(iv) Only (c) & (d)

दिए गए कथन के अनुसार सबसे उपयुक्त विकल्प/विकल्पों का चयन कीजिए।

धर्मनिरपेक्षता भारत के लिए निम्नलिखित कारणों से महत्वपूर्ण है–

(क) यह लोकतंत्र की रक्षा करती है।

(ख) हमें सद्भाव से रहने में सक्षम बनाती है।

(ग) अल्पसंख्यकों की शक्ति को सीमित करती है।

(घ) बहुमत के अधिकारों की रक्षा करती है।

विकल्प :

(i) केवल (क)

(ii) केवल (ख)

(iii) केवल (क) और (ख)

(iv) केवल (ग) और (घ) (1)

Q16. Correct and rewrite the following statement

The Parliament is empowered to remove the Prime Minister and Judges of the Subordinate Courts. The procedure adopted for this purpose is called Impeachment.

निम्नलिखत कथन को ठीक करके दोबारा लिखिए।

संसद को प्रधानमंत्री और अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों को हटाने का अधिकार है। इस उद्देश्य के लिए अपनाई गई प्रक्रिया को महाभियोग कहा जाता है। (1)

Q17. Which one of the following statements is correct with respect to the speaker of Lok Sabha ?

(a) Lok Sabha Speaker can adjourn both the Houses

(b) Presides over the joint sitting of both the Houses

(c) Performs the duties of Rajya Sabha Chairman

(d) Presides over the meetings of both the Houses

निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन लोक सभा अध्यक्ष के संदर्भ में सही है?

(क) लोकसभा अध्यक्ष दोनों सदनों को स्थगित कर सकता है।

(ख) दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करता है।

(ग) राज्यसभा के सभापति के कर्तव्यों का पालन करता है।

(घ) दोनों सदनों की बैठकों की अध्यक्षता करता है। (1)

Q.18 Fill in the blank.

President is the head of the state and..... is the head of the union government.

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए

"राष्ट्रपति देश का मुखिया होता है जबकि..... संघीय सरकार का मुख्या होता है। " (1)

Q19. Fill in the blank:

The civil cases are related to disputes over.....and.....

रिक्त स्थान भरिये

दीवानी केस ..... के विवाद से जूडे होते हैं।

OR (अथवा)

The criminal cases are related to offences like .....and.....

फौजदारी मुकदमें ..... जैसे अपराधों से जुड़े होते हैं। (½+½)

Q20. Who decides whether the accused is guilty or innocent?

(a) Police

(b) Court

(c) Victim

(d) Government

अभियुक्त दोषी है या निर्दोष, इसका निर्णय कौन करता है?

(क) पुलिस

(ख) न्यायालय

(ग) पीड़ित

(घ) सरकार (1)

Section - B (खंड ख)

Q21. Suggest any three measures for efficient utilisation of resources.

कुशल संसाधन उपयोग के लिए कोई तीन सुझाव दीजिए।

OR (अथवा)

State any six factors on which utilisation of resources depend.

ऐसे छः कारकों का उल्लेख कीजिए जिन पर संसाधानों का उपयोग निर्भर करता है। (3)

Q22. How did the British rule affect the rights of tribals? Give any three examples.

ब्रिटिश शासन ने किस प्रकार आदिवासियों के अधिकारों को प्रभावित किया था? कोई तीन उदाहरण दिजिए।

OR (अथवा)

Name the movement started by Birsa Munda. How did Birsa motivate his people?

बिरसा मुडा द्वारा शुरू किए गए आंदोलन का नाम लिखिए। बिरसा ने अपने लोंगों को किस प्राकार प्रेरित किया? (3)

Q23. Explain any three differences between Ryotwari system and Permanent settlement.

रैयतवाड़ी व्यवस्था और स्थायी बन्दोबस्त के बीच कोई तीन अन्तर स्पष्ट कीजिए। (3)

Q24. Why did India opt for democracy? Write any three reasons.

भारत ने लोकतंत्र का विकल्प क्यों चुना? कोई तीन कारण लिखिए (3)

Q25. Assess three importance of Fundamental Rights in our day-to-day life.

हमारे दैनिक जीवन में मौलिक अधिकरों के तीन महत्व का आकलन कीजिए। (3)

Q26. Compare the two Houses of the Parliament on the following basis:

(a) Composition

(b) Tenure

(c) Financial Powers.

निम्नलिखित आधार पर संसद के दोनों सदनों का तुलनात्मक वर्णन कीजिए।

(क) संगठन

(ख) कार्यकाल

(ग) वित्तीत शक्तियाँ। (3)

OR (अथवा)

Name the three organs of the union government and write one function of each organ.

संधीय सरकार के तीन अंगों के नाम तथा प्रत्येक अंग का एक–एक कार्य लिखिए।

Q27. Name the different courts of Indian Judicial system in hierarchical order. Write one feature of each.

भारतीय न्यायिक प्रणाली के विभिन्न न्यायालयों के नाम पदाक्रमानुसार लिखिए तथा प्रत्येक न्यालालय की एक विशेषता का उल्लेख कीजिए। (3)

Section - C (खंड ग)

Q28. **Read the source given below and answer the questions that follow:**

It has been observed that in European countries, the number of females is more than males. Thus, Europe has a high or favourable sex-ratio. The rising sex ratio has been recorded since the early 1980s and has since then continued to increase with no signs, of reversing. In India, the sex-ratio was recorded as per 943 in 2011 which has declined from 972 as recorded in 1901.

नीचे दिए गए स्रोत को पढ़ें और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें–

यूरोप के देशों में यह देखा गया है कि स्त्रीयों की संख्या पुरूषों से अधिक है, इसी कारण यूरोप में उच्च अनुकूल लिंगानुपात है। 1980 के दशक के आरंभ से बढ़ते लिंगानुपात को दर्ज किया गया है और तब से निरंतर वृद्धि का दौर जारी है। भारत में, 2011 में लिंगानुपात 943 दर्ज किया गया था जो 1901 में 972 था, जो कि कम था। (4x1)

Choose the correct option as the answer.

Q28.1 'Sex Ratio' is the ratio between the

(a) number of males and females in a population

(b) number of females and children in a population

(c) number of married females and unmarried females

(d) number of females and total population

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर के रूप में एक विकल्प चुनिए!

लिंगानुपात का अर्थ है–

(क) जनसंख्या में महिलाओं की संख्या और पुरूषों की संख्या में अनुपात

(ख) जनसंख्या में महिलाओं की संख्या और बच्चों की संख्या में अनुपात

(ग) विवाहित महिलाओं और अविवाहित महिलाओं की संख्या में अनुपात

(घ) जनसंख्या में महिलाओं की संख्या कुल जनसंख्या में अनुपात

Q28.2 In Asia which country has the highest Population

(a) Pakistan

(b) India

(c) China

(d) Japan

निम्नलिखित में से किस देश की जनसंख्या एशिया में सार्वधिक है?

(क) पाकिस्तान

(ख) भारत

(ग) चीन

(घ) जापान

Q28.3 Which one of the following is included in 'Dependent Population'?

(a) Children between 10-18 years

(b) Children below 15 years

(c) Unemployed youth

(d) Old people below the age of 55 years

निम्नलिखित में से किस को 'आश्रित जनसंख्या' में शामिल किया जाता है?

(क) 10 से 18 साल के बच्चों को

(ख) 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों को

(ग) बेरोजगार युवाओं को

(घ) 55 वर्ष से कम आयु के वृद्ध लोगों को

Q28.4 Identify the Indian state with the highest sex ratio in 2011

(a) Kerala

(b) Haryana

(c) Karnataka

(d) Tamil Nadu

2011 में उच्चतम लिंगानुपात वाले भारतीय राज्य को चुनिए।

(क) केरल

(ख) हरियाणा

(ग) कर्नाटक

(घ) तमिलनाड

Q29. **Read the source given below and answer the questions that follow:**

On March 12, 1930, Mahatma Gandhi began his epic Dandi March. He was accompanied by 78 supporters. They made salt from sea water and broke the law. Salt Satyagraha was on open challenge to the British and Civil Disobedience spread all over the country. It became the second mass movement as schools, colleges and courts were boycotted, foreign goods were burnt; peasants refused to pay taxes, and shops selling foreign goods were picked.

नीचे दिए गए स्रोत को पढ़ें और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें–

12 मार्च 1930 को महात्मा गांधी ने अपना ऐतिहासिक दांडी मार्च शुरू किया। उनके साथ 78 समर्थक थे। उन्होंने समुद्र के पानी से नमक बनाया और कानून तोड़ा। नमक सत्याग्रह अंग्रेजों और पूरे देश में फैले सविनय अवज्ञा के लिए एक खुली चुनौती थी। यह दूसरा जन आंदोलन बन गया क्योंकि स्कूलों, कॉलेजों और अदालतों का बहिष्कार किया गया, विदेशी सामानों को जलाया गया, किसानों ने कर देने से इनकार कर दिया और विदेशी सामान बेचने वाली दुकानों पर धरना दिया गया।

Choose the correct option as the answer. (4x1=4)

Q29.1 'Salt satyagrah' was launched to

(a) reduce the price of salt

(b) increase the availability of salt

(c) disobey the British rule

(d) Create employment

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर के रूप में एक विकल्प चुनिए!

नमक सत्याग्रह शुरू किया गया था–

(क) नमक की कीमत कम करने के लिए

(ख) नमक की उपलब्धता बढ़ाने के लिए

(ग) ब्रिटिश सरकार की आज्ञा न मानने के लिए

(घ) रोज़गार पैदा करने के लिए

Q29.2 Dandi March was started to -

(a) break the salt law

(b) strenghten the congress party

(c) help the salt workers

(d) Create awareness about environment

दांडी मार्च शुरू किया गया था –

(क) नमक कानून तोड़ने के लिए

(ख) कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए

(ग) नमक बनाने वालों की सहायता के लिए

(घ) पर्यावरण के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए

Q29.3 Who led this movement in the North West Frontier Province?

(a) Jawahar Lal Nehru

(b) Mohd. Ginnah

(c) Sardar Patel

(d) Abdul Gaffar Khan

नार्थ–वेस्ट फ्रंटियर प्रान्त में नमक सत्याग्रह का नेतृत्व किसने किया था?

(क) जवाहर लाल नेहरू

(ख) मोहम्मद जिन्ना

(ग) सरदार पटेल

(घ) अब्दुल गफ्फ़ार ख़ान

Q29.4 Dandi March started from -

(a) Khadi Ashram

(b) Surat

(c) Sabarmati Ashram

(d) Dandi

दाडी मार्च का प्रारम्भ कहां से हुआ था?

(क) खादी आश्रम से

(ख) सूरत से

(ग) साबरमती आश्रम से

(घ) दांडी से

Section - D (खंड घ)

Q30. Water is an indispensable resource. Suggest any **five ways** by which this resource can be conserved.

जल एक अपरिहार्य संसाधन है। कोई ऐसे **पाँच तरीके** सुझाइये, जिनके द्वारा इस संसाधन को संरक्षिति किया जा सकता है। (5x1=5)

OR (अथवा)

Suggest any five methods to conserve soil.

मृदा संरक्षण के कोई पांच तरीके सुझाइए।

Q31 "Temperature and rainfall affect the growth of plants" Support the given statement with five examples.

"तापमान और वर्षा, पौधों की वृद्धि को प्रभावित करते है।" पांच उदाहरणों की सहायता से कथन की पुष्टि कीजिए। (5x1=5)

Q32. Analyse any five reasons for the failure of the Revolt of 1857.

1857 के विद्रोह की विफलता के किन्ही पाँच करणों का विश्लेषण कीजिए।

OR (अथवा)

Analyse **any five** reasons responsible for the revolt of 1857

1857 के विद्रोह के लिए उत्तरदायी **किन्हीं पांच** कारणों का विश्लेषण कीजिए। (5x1=5)

Q33. Highlight any five provisions of the Indian Constitution that establish India as a democratic, socialist, secular sovereign and republic.

भारतीय संविधान के उन पांच प्रावधानों को उजागर कीजिए जो भारत को एक लोकतांत्रिक, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और संप्रभु, गणराज्य के रूप में स्थापित करते हैं।

OR (अथवा)

Highlight any **five** Purposes which the Constitution of India serves to strengthen Democracy in India.

भारत का संविधान भारत में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जिन **पांच** उद्देश्यों की पूर्ति करता है, उन्हें उजागर कीजिए। (5x1=5)

Q34. Explain any five powers of the President of India.

भारत के राष्ट्रपति की कोई पांच शक्तियां स्पष्ट कीजिए। (5x1=5)

Section - E (खंड ङ)

Q35.(A) Two places A and B have been marked on the given outline political map of the world.

Identify and write their correct names on the lines marked in the map (2x1=2)

(a) A region of low rainfall in Africa

(b) A type of forest

On the same outline political map of the world locate and label the following:

(c) A region of high rainfall in South America

(d) A region of Tropical Evergreen Forests in Africa (2x1=2)

विश्व के दिए गए रूपरेखा राजनीतिक मानचित्र में दो स्थान A और B अंकित किए गए हैं।

मानचित्र में अंकित रेखाओं पर उनके सही नाम पहचानिए और लिखिए।

(क) अफ्रीका में कम वर्षा वाला क्षेत्र

(ख) वन का एक प्रकार

इसी रूपरेखा पर विश्व के राजनीतिक मानचित्र पर निम्नलिखित का पता लगाएँ और लेबल करें:

(ग) दक्षिण अमेरिका में उच्च वर्षा वाला क्षेत्र

(घ) अफ्रीका में उष्णकटिबंधीय सदाबहार वनों का क्षेत्र

Q35.(B) On the outline political map of India, locate and label the following places:

(a) The place from where the sepoys broke out into an open revolt on May 10, 1857.

(b) The place from where the call for Swaraj was made in Congress Session of 1906. (2x1=2)

भारत के राजनीतिक मानचित्र की रूपरेखा पर निम्नलिखित स्थानों का पता लगाएँ और उन्हें लेबल करें:

(क) वह स्थान जहाँ से 10 मई, 1857 को सिपाहियों ने एक खुला विद्रोह किया था।

(ख) वह स्थान जहाँ से 1906 के कांग्रेस अधिवेशन में स्वराज का आह्वान किया गया था।

Alternative Question for Visually Challenged Students

in lieu of Q. No. 35 (A)

प्रश्न संख्या 35 (A) के स्थान पर दृष्टिबाधित छात्रों के लिए वैकल्पिक प्रश्न

Q35.1 Which region in Africa gets low rainfall?

अफ्रीका के किस क्षेत्र में कम वर्षा होती है?

Q35.2 Name the type of Forest in found in West Coast of India.

भारत के पश्चिमी तट में पाए जाने वाले वनों के प्रकार का नाम लिखिए।

Q35.3 Name the areas of high rainfall in South America.

दक्षिण अमेरिका में अधिकतम वर्षा वाले क्षेत्रों के नाम लिखिए।

Q35.4 Name any one country in Africa that has Mediterranean Forest.

अफ्रीका में भूमध्यसागरीय वनों के किसी एक देश का नाम बताइए।

Alternative Quesiton for Visually Challenged Students in lieu of Q. No. 35 (B)

प्रश्न संख्या 35 (B) के स्थान पर दृष्टिबाधित छात्रों के लिए वैकल्पिक प्रश्न

Q35.1 The place from where Mangal Pandey revolted.

वह स्थान जहाँ से मंगल पाण्डे ने विद्रोह किया था।


Q35.2 The place where Jallianwala Bagh Massacre took place.

वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ था।

MAP FOR QUESTION NUMBER 35 (A)

ROLL NUMBER. .....

QUESTION NO. 35 (A)



MAP FOR QUESTION NUMBER 35 (B)

ROLL NUMBER. .....

QUESTION NO. 35 (B)

